टेलीविजन सेट लगाने की कोई योजना है, यदि यहां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : रेल प्रशासनों को कुछ जोड़ी गाड़ियों के वातानुकूल सवारी डिब्बों में विशेष शर्तों पर निजी उद्यमियों के माध्यम से उनकी लागत पर सी सी टी वी प्रणाली को आरम्भ करने के लिए संभावनाओं का पता लगाने को कहा गया है। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

गुजरात तथा अन्य राज्यों में यात्री तथा मालगाड़ियों की समय सारणी में परिवर्तन

567. **श्री मीर्जा इर्शाद बेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गाड़ियों के प्रचलन दिवसों में वृद्धि करने हेतु गुजरात और अन्य राज्यों में यात्री और मालगाड़ियों की समय सारणी में कुछ परिवर्तन किए जाने का विचार है, यदि हां, तो गाड़ियों के प्रचालन दिवसों में कितनी वृद्धि की जाएगी तथा यह वृद्धि कब से तथा किन किन गाड़ियों के लिए की जाएगी , और

(ख) सर्वोदय एक्सप्रेस और आश्रम एक्सप्रेस अहमदाबाद से दिल्ली के लिए दैनिक गाड़ी के रूप में कब से चलाई जाएगी ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) माल गाड़ियों के लिए, कोई निर्धारित अनुसूची नहीं है। नवम्बर, 1988 की समय सारणी में निम्नलिखित पैसेंजर गाड़ियों के फेरों में वृद्धि कर दी गयी है :–

(1) 505/506 आश्रम एक्सप्रेस को सप्ताह में 4 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में।

(2) 59/60 गीतांजलि एक्सप्रेस सप्ताह में 5 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में।

(3) 933/934 बम्बई, लखनऊ एक्सप्रेस सप्ताह में 4 दिन की बजाय दैनिक गाड़ी के रूप में,

(4) 5/6 विदर्भ एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिन की बजाय सप्ताह में 4 दिन,

(5) 951/952 हावड़ा-कोच्चिन एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन की बजाय सप्ताह में 3 दिन ,

(6) 131/132 जम्मूतवी-मद्रास एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन की बजाय सप्ताह में 3 दिन .

(ख) यातायात की अपेक्षाओं के आधार पर आश्रम एक्सप्रेस को 1.11.88 से दैनिक गाड़ी बना दिया गया है। सर्वोदय एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि करना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं पाया गया।

खेल-कूद संबंधी सुविधाओं के बारे में मास्को वार्ता

568. **श्री मीर्जा इर्शाद बेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलकूद के संबंध में मास्को वार्ता के दौरान हुए समझौते का ब्यौरा क्या है और इसे कब तक लागू कर दिया जाएगा ; और

(ख) रेलवे द्वारा खिलाड़ियों को क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तथा उन्हें और क्या क्या नई सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का विचार है तथा ये सुविधाएं कब उपलब्ध कराई जायेंगी ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) एक व्यापक समझौता किया गया था जो टीमों के आदान प्रदान, भारत में सोवियत संघ, के प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तथा सोवियत संघ में प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावना से संबंधित है।

(ख) खिलाड़ियों को विशेष आकस्मिक छुट्टी, यात्रा, आवास, नियमित कोचिंग कैम्पों में प्रशिक्षण, आदि जैसी सुविधाएं दी जाती हैं ?